आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

03.06.2024 समय : 1850

- अट्ठारहवी लोकसभा के गठन के लिए देश भर में मतगणना का कार्य कल होगा–द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय को मतगणना केन्द्र बनाया गया है।
- द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने कहा कि मतगणना का कार्य कल सुबह आठ बजे आरंभ होगा।
- आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर से कल सुबह साढ़े नौ बजे से विशेष समाचार बुलेटिन प्रसारित होगा।
- इस बार के चुनाव में कुल बारह उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला कल होगा।
- द्वीपसमूह में कल ड्राई डे घोषित किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए कल होने वाली मतगणना के लिए व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने बताया कि जवाहर लाल नेहरू मतगणना केन्द्र में कल सुबह आठ बजे मतगणना का कार्य आरंभ होगा। सबसे पहले डाक मतपत्र और इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमीटेड डाक मत प्रणाली से वोटों की गिनती की जाएगी। सुबह साढ़े आठ बजे ई वी एम से मतगणना का कार्य आरंभ हो जाएगा। सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

बाईट–आर. ओ–68 से0

श्री अर्जुन शर्मा ने कहा कि परिणाम की घोषणा के लिए भी व्यापक बंदोबस्त है।

<><><><><><><>

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में चौंसठ करोड़ से अधिक मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि सभी जी7 देशों – अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा के मतदाताओं की संख्या का डेढ़ गुना है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में इक्कतीस करोड़ से ज्यादा महिला मतदाताओं ने वोट डाला, जो दुनिया में अब तक का सबसे ज्यादा है। श्री कुमार ने केंद्रशासित प्रदेश में हुए उल्लेखनीय मतदान की भी सराहना की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक मतगणना टेबल पर माइक्रो पर्यवेक्षकों के साथ–साथ मतगणना केंद्रों पर चौबीसों घंटे सी.सी टी.वी कवरेज की जाएगी।

<><><><><><><>

कल होने वाली मतगणना और श्रोताओं तक मतगणना की ताजा जानकारी पहुंचाने के लिए आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से विशेष समाचार बुलेटिन का प्रसारण किया जाएगा। कल सुबह साढ़े नौ बजे, साढ़े दस बजे, साढ़े ग्यारह, साढ़े बारह, दिन में डेढ़ बजे के बाद शाम तीन बजे, चार बजे, पांच बजे, साढ़े छः बजे, सात बजकर पैंतालीस मिनट पर और साढ़े आठ बजे के बाद भी यदि मतगणना का कार्य पूरा नहीं हुआ, तो रात्रि साढ़े नौ बजे, साढ़े दस बजे के बाद भी मतगणना की समाप्ति तक विशेष चुनाव समाचार बुलेटिन जारी रहेगा। यह प्रसारण मीडियम वेव छः सौ चौरासी किलोहट्‌र्ज के अलावा एफ.एम 100.9 पर भी उपलब्ध रहेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए कुल बारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इनके भाग्य का फैसला कल हो जाएगा। इनमें चार राष्ट्रीय दल के उम्मीदवार है, जबकि तीन पंजीकृत गैर–मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के उम्मीदवार हैं। इस बार के चुनाव में पांच निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं, जिनमें दो महिलाएं भी हैं। द्वीपों की लोकसभा की एकमात्र सीट के लिए जो बारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, उनमें भारतीय जनता पार्टी के श्री बिष्णु पद रे, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के डी. अय्यप्पन, ऑल इंडिया अन्ना डीएमके के केजेबी सेल्वाराज, बहुजन समाज पार्टी के डॉ. अरूण कुमार मल्लिक, अंडमान निकोबार डेमोक्रेटिक कांग्रेस के मनोज पॉल, एसयूसीआई मार्क्सवादी के सलामत मंडल के अलावा पांच निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। इनमें के. वेंकटराम बाबू, वी.के अब्दुल अज़ीज, आनन्द रामनाथ अरलेकर, रिंकु माला मंडल और उषा कुमारी शामिल हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में कल ड्राई डे घोषित किया गया है। द्वीपों के उप राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने इसकी घोषणा की। कल किसी भी शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब और शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठानों को शराब बेचने या परोसने की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश अनिडको, सीएसडी यूनिट्स कैंटीन, सभी डिफेंस कैंटीन, पुलिस मेस और सभी निजी बार लाइसेंसधारियों पर भी लागू होगा।

<><><><><><><>

कल की मतगणना के लिए जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय परिसर में मतगणना के कार्य को सुचारू बनाने और यातायात को भी व्यवस्थित करने के लिए कार्यक्रम तैयार किया गया है। सिंक्लेयर चौराहे, साउथ प्वाइंट सर्किट हाउस चौराहे, गवर्मेंट प्रेस, मच्छी लाइन, आर.के मिशन और गर्ल्स स्कूल चौराहे पर सुबह चार बजे से लेकर मतगणना की समाप्ति तक बैरिकेट लगाया जाएगा। इस स्थल से किसी भी क्षेत्र से किसी भी प्रकार के वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना केन्द्र में प्रवेश के लिए दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त कार्यालय की ओर से जारी वैध पासधारक वाहनों को ही प्रवेश करने की अनुमति होगी। बिना पास वाले वाहनों को महावीर सिंह मार्ग पर धर्मशाला चौराहे तक सड़कों के दोनों ओर पार्क करने की अनुमति होगी। दुपहिया वाहनों को धर्मशाला चौराहे से गर्ल्स स्कूल चौराहे तक सड़क के बांयी ओर और चार पहिया वाहनों को सड़क की दांयी ओर के अलावा स्वीमिंग पुल के नजदीक तथा वेलोड्रोम के सामने वाहन पार्क करने को कहा गया है। किसी भी प्रकार के वाहन को पुराने स्काउट हट से लेकर गर्ल्स स्कूल ट्राफिक प्वाइंट तक पार्क करने की अनुमति नहीं होगी।

<><><><><><><>